भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3635

13 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

डीआरडीओ परियोजना का वित्तपोषण

3635 श्री प्रद्युत बोरदोलोई:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014-15 से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की परियोजनाओं के लिए स्वीकृत, जारी की गई और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार और परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2014-15 से जिन परियोजनाओं के लिए धनराशि अभी जारी की जानी शेष है, उनका वर्ष-वार और परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्ष 2014-15 से निधियों की कमी के कारण किन्हीं परियोजनाओं को रोक दिया गया था यदि हां, तो तत्संबंधी परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या वर्ष 2014-15 से निधियों की कमी के कारण किन्हीं परियोजनाओं में विलंब हुआ है, और यदि हां, तो विलंब के दिनों का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(च) क्या वर्ष 2014-15 से अन्य कारणों से किन्हीं परियोजनाओं में विलंब हुआ अथवा उन्हें रद्द किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) विभिन्न बजटीय चरणों में रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के लिए कुल बजट आवंटन का विवरण और वित्त वर्ष 2014-15 से सीजीडीए संकलन के अनुसार वास्तविक व्यय निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	**बजट अनुमान (बीई) अनुमोदित**	**संशोधित अनुमान (आरई) अनुमोदित**	**संशोधित विनियोग (एमए) अनुमोदित**	**वास्तविक**
2014-15	15282.92	13447.19	13716.14	13257.98
2015-16	14358.49	12391.21	13540.11	13317.12
2016-17	13593.78	13454.54	13501.00	13365.76
2017-18	14818.74	15463.25	15399.25	15203.04
2018-19	17861.19	17610.38	17121.99	17049.01
2019-20	19021.02	17730.78	17730.78	17375.13
2020-21	19327.35	16466.29	16145.74	15706.96
2021-22	20457.44	18337.44	18720.44	18290.99
2022-23	21330.20	21130.20	21130.20	20585.76
2023-24	23263.89	23691.74	23195.89	22927.50
2024-25	23855.61	24696.94	24938.70	24793.43
2025-26	26816.82	26746.82	-	-

..2/-

हालांकि, उपरोक्त 'वास्तविक' आंकड़ों में से, 2014-15 से जारी विभिन्न परियोजनाओं/कार्यक्रमों के लिए डीआरडीओ द्वारा आवंटन/व्यय निम्नानुसार है:

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	आवंटन
2014-15	3769.79
2015-16	4238.04
2016-17	3959.77
2017-18	4684.99
2018-19	4999.19
2019-20	4070.13
2020-21	3244.03
2021-22	4477.56
2022-23	5725.13
2023-24	5829.41
2024-25	5431.89
2025-26	5925.00

(ख) शून्य।

(ग) निधि की कमी के कारण कोई परियोजना बंद या रद्द नहीं की गई है।

(घ) निधि की कमी के कारण किसी परियोजना में देरी नहीं हुई है।

(च) 2014-15 से अब तक पांच परियोजनाएं रद्द की गई हैं। विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	**परियोजना शीर्षक**	**मंजूरी की तारीख**	**पीडीसी**	**लागत (रु. करोड़ (में)**
1	भूभाग दृश्य और सिमुलेशन सुविधा	11.07.2014	11.07.2016	9.90
2	पल्स्ड फाइबर लेजर सोर्सेज	28.10.2015	27.04.2020	26.00
3	एक्टिव एंटीना ऐरे मेजरमेंट सेंटर	22.03.2018	21.03.2021	114.67
4	टी90 एमबीटी के लिए ऑटो गियर सिस्टम का डिजाइन और विकास	09.04.2021	08.04.2023	6.00
5	एलसीए मार्क-2 और एएमसीए के लिए टाइम सेंसिटिव नेटवर्क (TSN) स्विच और एंडपॉइंट	16.01.2023	15.01.2026	73.38

*****